हिन्दी साप्ताहिक
# न्यूज आइकॉन
T.C. NO. MAHHIN10172
संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेलः newsicon2021@gmail.com | मूल्यः रु. - 2/-
वर्षः 2 | अंकः 09 | पृष्ठः 8 | शुक्रवार, 12 अगस्त से 18 अगस्त 2022

# 15 अगस्त के पहले उरी जैसे हमले की कोशिश नाकाम

## परगल आर्मी कैंप में घुसने की कोशिश कर रहे 2 आतंकी ढेर, सेना के 4 जवान भी शहीद



**राजौरीः** 15 अगस्त से पहले जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के परगल में उरी हमले जैसी साजिश नाकाम कर दी गई। यहां कुछ आतंकियों ने बुधवार देर रात आर्मी कैंप में घुसने की कोशिश की। इसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। इसमें दो आतंकी मार गिराए। फायरिंग में सेना के तीन जवान सूबेदार राजेंद्र प्रसाद, राइफलमैन मनोज कुमार और राइफलमैन लक्ष्मणन डी मौके पर ही शहीद हो गए। 5 जवान जख्मी भी हुए। घायल जवानों में शामिल राइफलमैन निशांत मलिक ने रात करीब 9 बजे दम तोड़ दिया।

परगल कैंप राजौरी से 25 किमी दूर है। 11 राष्ट्रीय राइफल से मिली जानकारी के मुताबिक आर्मी कैंप पर यह आत्मघाती हमला है। हालांकि हमले में कितने आतंकी शामिल थे, इसका पता नहीं चल पाया है। इलाके में सर्च ऑपरेशन भी चलाया गया।जम्मू जोन के अऊ्रद्ध मुकेश सिंह ने बताया, ह्मराजौरी के परगल इलाके में स्थित सेना कैंप की बाड़ किसी ने पार करने की कोशिश की थी, इस दौरान दोनों ओर से गोलियां चलीं।ह्व यह जगह दरहाल थाने के तहत आती है। यहां से छह किलोमीटर दूर तक अतिरिक्त दल भेजे गए।

18 सितंबर 2016 को कश्मीर के उरी में सुबह साढ़े 5 बजे 4 आतंकवादी सेना के कैंप में घुसे और हमला कर दिया था। 3 मिनट के भीतर ही आतंकियों ने 15 से ज्यादा ग्रेनेड फेंके, जिसमें सेना के 19 जवान शहीद हो गए थे। सेना के जवानों ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए आतंकियों पर फायरिंग की। सेना की जवाबी कार्रवाई में चारों आतंकी मारे गए।

फिदायीन हमले पर रस्ढ राजौरी चौधरी मोहम्मद असलम ने बताया कि राजौरी जिले के दरहल में तड़के सेना के कैंप पर फिदायीन हमले को अंजाम देने वाले दोनों विदेशी आतंकवादी थे। रस्ढ ने बताया कि आतंकियों से बड़ी मात्रा में गोला-बारूद और हथियार जब्त किए गए हैं। इनमें- 2 एके 47, 9 मैगजीन, 300 राउंड गोली, 5 ग्रेनेड्स शामिल हैं। एक दिन पहले, यानी बुधवार को जम्मू-कश्मीर में बडगाम जिले के वाटरहेल इलाके में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के 3 आतंकियों को मार गिराया। मारे गए आतंकियों में से एक लतीफ राथर था, जो कश्मीरी पंडित राहुल भट, अमरीन भट सहित कई नागरिकों की हत्या में शामिल था।







# फोन टैपिंग मामले में IPS रश्मि शुक्ला पर मुकदमा चलाने के लिए केंद्र सरकार से मांगी अनुमति



मुंबई। मुंबई पुलिस ने मंगलवार को अदालत को बताया कि उसने फोन टैपिंग मामले में आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला पर मुकदमा चलाने की अनुमति केंद्र से मांगी है। जबकि करीब 15 दिन पहले ही राज्य सरकार इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप चुकी है।आईपीएस रश्मि शुक्ला पर मुंबई पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने 2021 में प्राथमिकी दर्ज की थी। पिछली महाविकास आघाड़ी सरकार द्वारा बाद में यह मामला जांच के लिए कुलाबा पुलिस को सौंप दिया गया था। पुलिस इस मामले में 700 पन्नों का आरोपपत्र भी पेश कर चुकी है। लेकिन आईपीएस रश्मि शुक्ला इन दिनों केंद्र सरकार की प्रतिनियुक्ति पर हैदराबाद में सीआरपीएफ की अतिरिक्त महानिदेशक हैं। इसलिए उन पर मुकदमा चलाने के लिए केंद्र सरकार की अनुमति की जरूरत पड़ती है। इसलिए अदालत ने अब तक इस मामले में सुनवाई शुरू नहीं की है। आज मुंबई पुलिस ने अदालत को बताया कि उसने केंद्र सरकार से रश्मि शुक्ला पर मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी है।बता दें कि रश्मि शुक्ला पर महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी सरकार बनने के पहले एवं कुछ दिन बाद तक अवैध तरीके से कुछ लोगों के फोन टैप करने का आरोप है। इनमें संजय राउत एवं एकनाथ खडसे जैसे नेताओं के फोन भी शामिल थे। मुंबई पुलिस की साइबर अपराध शाखा एवं कुलाबा पुलिस ने जो 700 पन्नों का आरोपपत्र अदालत में पेश किया है, उसमें उसने रश्मि शुक्ला के अधीन काम कर रहे कुछ पुलिस अधिकारियों के बयान भी शामिल किए हैं, जिन्हें रश्मि शुक्ला ने उस समय दबाव डालकर फोन टैप करने के निर्देश दिए थे।पुलिस ने रश्मि शुक्ला पर दर्ज एफआईआर में आरोप लगाया है कि उन्होंने एक राजनीतिक दल को लाभ पहुंचाने के लिए यह फोन टैपिंग की। लेकिन दूसरी ओर रश्मि शुक्ला का कहना है कि उन्होंने तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) सीताराम कुंटे के आदेश से ये फोन टैप किए। क्योंकि उस समय राज्य में ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर बड़ा घोटाला चल रहा था। रश्मि शुक्ला ने इस फोन टैपिंग से संबंधित अपनी रिपोर्ट तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे सहित महाराष्ट्र पुलिस के डीजीपी एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) को भी सौंपी थी। लेकिन कथित तौर पर यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने तत्कालीन गृहमंत्री अनिल देशमुख को ही सौंप दी थी। जबकि इस रिपोर्ट में अनिल देशमुख सहित शिवसेना एव राकांपा के कुछ और प्रमुख नेताओं के नाम भी शामिल थे। इसीलिए तत्कालीन उद्धव सरकार ने इस मामले की जांच देशमुख के 100 करोड़ वसूली वाले मामले से अलग करने की मांग की थी। लेकिन उच्च न्यायालय ने उसकी यह मांग ठुकराते हुए






# विवादों में घिरे 3 विधायक महाराष्ट्र कैबिनेट में शामिल, राजनीतिक चर्चाएं तेज



**मुंबईः** महाराष्ट्र में मंगलवार को एकनाथ शिंदे सरकार का कैबिनेट विस्तार हुआ। महाराष्ट्र में कैबिनेट विस्तार के दौरान शपथ लेने वाले 18 मंत्रियों में से तीन विवादों में घिर गए हैं। नवनियुक्त मंत्री संजय राठौड़, जिन्होंने पिछली उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार में मंत्री के रूप में भी काम किया था। उन्होंने पिछले साल पुणे में एक महिला की मौत से जुड़े होने के बाद इस्तीफा दे दिया था। इस साल जून में जब शिवसेना विधायक एकनाथ शिंदे ने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बगावत की तो राठौड़ उनके खेमे में शामिल हो गए। यह जानकारी समाचार एजेंसी पीटीआई ने दी।मुख्यमंत्री शिंदे ने मंगलवार को कहा कि पुलिस ने राठौड़ को क्लीन चिट दे दी है, इसलिए उन्हें राज्य मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है।हालांकि, राज्य भाजपा उपाध्यक्ष चित्रा वाघ ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि राठौड़ को कैबिनेट में शामिल किया गया। जब वह कथित तौर पर एक महिला की मौत के लिए जिम्मेदार थे। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया भी जाता है, तो भी मैं उनके खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखूंगी।

मुझे न्यायपालिका पर भरोसा है। हम लड़ेंगे और जीतेंगे।एक और नवनियुक्त मंत्री और शिवसेना के बागी विधायक सत्तार उस समय विवाद के केंद्र में थे, जब उनकी तीन बेटियों और एक बेटे के नाम उन 7,880 उम्मीदवारों की सूची में शामिल हो गए। जिन्हें पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2019-20 शिक्षकों की कथित धांधली के सिलसिले में अयोग्य घोषित किया गया था और प्रतिबंधित कर दिया गया था। सत्तार पहले कांग्रेस में थे और 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले शिवसेना में शामिल हो गए थे। विद्रोह के बाद जून में वह शिंदे खेमे में भी शामिल हो गए।

# मुंबई दर्शन करना हुआ आसानः मात्र 150 रुपये में अब कर सकेंगे पूरे शहर का सफर



**मुंबई।** मुंबई की लोक परिवहन और विद्युत प्रदाय संस्था बेस्ट बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं यातायात ने शहर में पर्यटकों को बड़े पैमाने पर आकर्षित करने के लिए और मुंबई दर्शन के लिए देश-विदेश से आए पर्यटकों को अधिक सुविधा प्रदान करने के मकसद से एक और हॉप-ऑन-हॉप ऑफ हो-हो एसी बस सेवा का ऐलान किया है। इससे संबंधित एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।इसका शुभारंभ आज बेस्ट के 75 साल पूरे होने के मौके पर किया जा रहा है। संस्था के महा प्रबंधक लोकेश चंद्रा ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा, यात्री इसके लिए निर्धारित स्टेशनों से बस में सवार होकर पूरे शहर का सफर कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सिर्फ 150 रुपये का किराया चुकाना होगा।

# महाराष्ट्र में शिंदे सरकार का कैबिनेट विस्तार, 18 मंत्रियों ने ली शपथ



मुंबई। महाराष्ट्र सरकार की एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल में 18 नए मंत्री शामिल हुए। राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने राजभवन में सभी मंत्रियों को शपथ दिलाई। उद्धव ठाकरे सरकार गिरने के बाद शिंदे ने 30 जून को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उनके साथ भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। इसके बाद से राज्य सरकार सिर्फ इन दोनों नेताओं के आसरे चल रही थी। बता दें कि शिव सेना से अलग होकर एकनाथ शिंदे ने भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाई है,

# मुंबई में फिर भारी बारिश की चेतावनी, IMD ने जारी किया आरेंज और रेड अलर्ट

मुंबईः मुंबई शहर के आसपास के इलाकों में सोमवार को फिर से बारिश हुई। मौसम विभाग ने मुंबई और ठाणे में आज बारिश की संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं पालघर, रायगढ़, नासिक और पुणे भारी और अत्यधिक भारी बारिश की संभावना के कारण रेड अलर्ट पर हैं।भारतीय मौसम विभाग (क्टऊ) द्वारा जारी ऑरेंज अलर्ट से संकेत मिलता है कि कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। आईएमडी की ओर से मछुआरों को चेतावनी भी जारी की गई है।सोमवार को सुबह 8.30 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों में, आईएमडी के सांताक्रूज वेधशाला ने 34 मिमी बारिश दर्ज की, जबकि कोलाबा वेधशाला ने इसी अवधि के दौरान 54 मिमी बारिश दर्ज की।आईएमडी, मुंबई के प्रमुख डॉ जयंत सरकार ने बताया कि सोमवार से हो रही बारिश मंगलवार को काफी तेज हो जाएगी। पिछले 24 घंटों में मध्य महाराष्ट्र के



कोंकण और आसपास के घाट क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा और छिटपुट स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा के साथ व्यापक वर्षा गतिविधि देखी गईअगले दो से तीन में ऐसा ही रहने की उम्मीद है। उसके बाद धीरे-धीरे बारिश की गति कम हो जाएगी। मराठवाड़ा और विदर्भ के कुछ हिस्सों में भी अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा के साथ व्यापक वर्षा होने की संभावना है, एक निजी मौसम भविष्यवक्ता स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने कहा, 8 अगस्त से 11 अगस्त के बीच पूरे कोंकण क्षेत्र में भारी बारिश के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। पालघर , ठाणे, सिंधुदुर्ग,, महाबलेश्वर रत्नागिरी, मुंबई और अलीबाग में बारिश हो सकती है।

## संपादकीय



संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला

# मुफ्त रेवड़ियों पर लगाम की कवायद

रेवड़ियां बांटने का मामला गंभीर हो गया है। खासकर राजनीतिक लाभ के लिए रेवड़ी बांटने या चुनाव जीतने के लिए लुभावने वादे करने पर सवाल खड़े हो गए हैं। सवाल पहले भी थे, पर अब सुप्रीम कोर्ट ने बाकायदा इस पर विचार के लिए विशेषज्ञ समूह बनाने का एलान कर दिया है। समूह में चुनाव आयोग, नीति आयोग, वित्त आयोग, रिजर्व बैंक और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इन विशेषज्ञों को यह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी कि राजनीतिक दल चुनाव से पहले मुफ्त बांटने के जो वादे करते हैं, उनके लागू होने का करदाताओं व अर्थव्यवस्था पर क्या असर होता है? इसका अध्ययन करें और इन पर नियंत्रण रखने के तरीके सुझाएं।

आजादी के 75 साल बाद यह बात सामने आना गंभीर भी है और चिंताजनक भी, पर साथ ही इससे उम्मीद भी जगती है। उम्मीद यह कि सुप्रीम कोर्ट एक समाज के तौर पर हम सबको जगाने में कामयाब होगा या कम से कम उसकी शुरूआत कर पाएगा, दरअसल जो सवाल इस विशेषज्ञ समूह के सामने रखे गए हैं, उन पर पूरे देश को सोचना चाहिए और उसका जवाब भी किसी ऐसे समूह, अदालत या आयोग के बजाय समाज के बीच से ही आना चाहिए। वरिष्ठ अर्थशास्त्री व बिजनेस स्टैंडर्ड के संपादक ए के भट्टाचार्य का मानना है कि इस विषय पर सिद्धांत रूप में चर्चा और विमर्श बहुत जरूरी है। सबसे पहले यह तय होना जरूरी है कि फ्रीबीज या रेवड़ियां क्या हैं, मुफ्तखोरी की परिभाषा क्या है, सुप्रीम कोर्ट ने भी अभी तक यह परिभाषा तय नहीं की है। क्या समाज के गरीब वर्ग को मुफ्त भोजन देना रेवड़ी बांटना कहलाएगा? क्या उज्वला योजना में मिले रसोई गैस के सिलेंडर रेवड़ी कहला सकते हैं? ऐसे तमाम उदाहरण हैं। आजादी के समय भारत की आबादी करीब 34 करोड़ थी। इनमें से अस्सी प्रतिशत लोगों की जिंदगी खेती के भरोसे चलती थी, पर देश में कुल साठ लाख टन गेहूं पैदा हो पाता था। अब पंजाब, मध्य प्रदेश और हरियाणा ही मिलकर इससे पांच गुना गेहूं सरकारी खरीद में देते हैं। अगर आजादी के फौरन बाद सरकार ने सिंचाई पर खर्च बढ़ाकर किसानों को सहारा न दिया होता, तो यह नहीं हो सकता था। वह भी एक समय था, जब 1 मई, 1951 को प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को रेडियो पर जनता से अपील करनी पड़ी थी कि हफ्ते में एक दिन उपवास रखें और अनाज बचाएं।

आजादी से पहले ही भारत में राशन और कंट्रोल की व्यवस्था लागू हो चुकी थी और यह काम शुरू करने वाले अंग्रेज अफसर का दावा था कि राशनिंग और कंट्रोल भारत में कभी खत्म नहीं होंगे, क्योंकि हालात सुधर ही नहीं सकते हैं। हालात सुधरे ही नहीं, बल्कि 75 साल में यहां तक पहुंच चुके हैं कि इतनी विशाल जनसंख्या के बावजूद भारत अब लाखों टन गेहूं निर्यात करने की स्थिति में भी है। दरअसल, कुछ राजनीतिक दलों को यह समझ में आया कि जनता को कुछ देने का वादा उन्हें वोट दिला सकता है। शुरूआत आंध्र प्रदेश में एन टी रामाराव ने की थी, दो रुपये किलो चावल देने के वादे के साथ। उसके बाद तो जैसे सिलसिला चल निकला। तमिलनाडु में तो दोनों बडे. दलों में होड़ ही लग गई।

# विरोधी दलों को रास नहीं आया हर घर तिरंगा अभियान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश हित में जो भी कदम उठाते हैं कुछ विरोधी दल बिना आगा पीछा सोचे उसके विरोध में झंडा उठा लेते हैं फिर चाहे प्रधानमंत्री का विरोध देश विरोध में ही क्यों न बदल जाए। यह गलती वे लगातार कर रहे हैं कि मोदी और भाजपा तथा भारत विरोध में अंतर नहीं समझ पा रहे । इसी क्रम में इस बार हर घर तिरंगा अभियान के आह्वान के साथ ही कांग्रेस सहित समस्त वामपंथी विचारधारा के लोगों ने एकत्र होकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय स्वयंसवक संघ पर तीखा हमला बोल दिया है। कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों को हर घर तिरंगा अभियान रास नहीं आ रहा है और वो अनावश्यक रूप से संघ पर हमला बोल रहे हैं जिसमें एआईएएम के नेता असुददीन ओवैसी सबसे आगे दिख रहे है। उत्तर प्रदेश मे समाजवादी पार्टी के मुस्लिम सांसद भी उनके सुर में सुर मिला रहे हैं और पूछ रहे हैं कि आखिर संघ ने अपने कार्यालयो में 55 वर्षों तक तिरंगा क्यों नही फहराया ? ऐसे लोग जिनके कारण देश का विभाजन हुआ वह संघ की देशभक्ति पर सवाल खड़े कर रहे हैं। जिन लोगों ने अपनी सत्ता को बचाने के लिए आपातकाल लगाया और सभी विरोधी दलों के नेताओं को जेलों में ठूस दिया था वह लोग पीएम मोदी व संघ पर तानाशाही का आरोप लगा रहे है। कांग्रेस अपना ही समस्त इतिहास भूलकर झूठा नकारात्मक खेल खेल रही है। अगर संघ एक देशद्रोही संगठन है तो फिर कांग्रेस की ही सरकारों ने उस पर से प्रतिबंध क्यों हटा दिया था ?

और देशभक्ति के प्रमाण - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डा. केशव राम बलिराम हेडगेवार जी का जन्म तो कांग्रेस की विचारधारा से ही हुआ था। हेडगेवार जी बचपन से ही देशभक्त थे । प्राथमिक कक्षा में पढ़ते समय सन 1897 में इंग्लैड की महारानी विक्टोरिया के राज्यारोहण के साठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पाठशाला में दी गई मिठाई को केशव ने फेंक दिया था। सन 1901 में एडवर्ड सप्तम के राज्यारोहण के दिन सर्वत्र आतिशबाजी चल रही थी परन्तु वह घर में ही बैठे रहे। पूछने पर उन्होंने कहा कि,ह्व ये सारे विदेशी राजा रानी हैं, हमारे नहीं। उनके उत्सवों में हम भाग क्यों लें ?ह्व माध्यमिक विद्यालयों में जाने पर केशव ने अन्य विद्यार्थियों में भी स्वातंत्र्य की ज्योति प्रज्वलित करना प्रारंभ कर दिया। सन 1905 में वंदेमातरम आंदोलन के समय विद्यालय से निष्कासित होना पड़ा। सन 1915 से 1920 तक नागपुर में रहते हुए डाक्टर साहब राष्ट्रीय आंदोलनों में अत्यन्त सक्रिय रहे। सम्पूर्ण स्वतंत्रता जैसे शब्दों के प्रयोग का अत्यधिक आग्रह करते थे। जब कांग्रेस ने खिलाफत आंदोलन की षुरूआत की उस समय कांग्रेस और डा. हेडगेवार जी की विचारधारा अलग हो गई थी।यह बात बिल्कुल सत्य है कि देश को स्वतंत्र कराने का काम अकेले कांग्रेस ने नहीं किया था अपितु कांग्रेस ने तो देश का विभाजन करा दिया था। राहुल गांधी व देश के तथाकथित नेताओं को बार बार पुराना इतिहास पढ़ना चाहिए । लगता है कि राहुल गांधी यह सब भूल गये हैं कि 1962 में भारत पर चीन के आक्रमण के समय संघ के स्वयंसेवकों की सेवा से प्रभावित होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू जी ने 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में संघ को आमंत्रित किया था।

संघ के कार्यक्रमों में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा. जाकिर हुसैन भी हिस्सा ले चुके हैं। उन्होंने 20नवम्बर 1949 को मुंगेर में कहा था कि,ह्व संघ के लोग मुसलमानों से घृणा करते हैं। उन पर आक्रमण करते हैं इस प्रकार का आरोप सर्वथा असत्य है। मुसलमानों को भी संघ से परस्पर प्रेम, सहयोग और संगठन कुशलता का काम सीखना चाहिए। ह्व1965 के भारत -पाकिस्तान के युद्ध के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी ने संघ के सरसंघचालक गुरूजी गोलवलकर को सर्वदलीय बैठक में आमंत्रित किया था। पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने भी 1977 में संघ के कहने पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया था।

# बिहार में नीतीश कुमार की सरकार बनने के बाद ओमप्रकाश राजभर की जातिवार जनगणना की मांग





लखनऊ। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के तलाक मिलने के बाद सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओप्रकाश राजभर अपनी पार्टी के विस्तार में लगे हैं। उनका बसपा की ओर झुकाव होने के बाद जब मायावती के कोई रूचि ना लेने के साथ ही गठबंधन से इन्कार करने पर अब राजभर नई राह की तलाश में हैं। इसी दौरान उन्होंने गुरुवार को नीतीश कुमार से बिहार में जातिवार जनगणना की मांग की है।ओमप्रकाश राजभर ने अपनी मांग को लेकर एक वीडियो जारी किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में तो अब महागठबंधन की सरकार बन गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब बिहार से जातिवार जनगणना की शुरूआत कराएं। राजभर ने कहा कि जेडीयू, आरजेडी और कांग्रेस तो भाजपा को जातिगत जनगणना में बाधक बताते थे, मगर अब इन सभी पार्टियों की सरकार है तो उनको जाति जनगणना कराना चाहिए।उन्होंने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार की नई सरकार को अब जाति जनगणना शुरू कर देना चाहिए। इस मामले में सभी भाजपा को बाधक बताते थे, लेकिन अब तो बिहार में जेडीयू, आरजेडी और कांग्रेस की सरकार है। अब इन सभी पार्टियों की सरकार है तो उन्हें जाति जनगणना जल्द शुरू कर देना चाहिए। अब तो आप स्वतंत्र हो गए हैं। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया राजभर ने कहा कि जेडीयू, आरजेडी, कांग्रेस और लेफ्ट की सरकार है तो मैं डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और सीएम नीतीश कुमार से आग्रह करूंगा कि अब तो आप स्वतंत्र हैं और बिहार से ही जातिगत जनगणना का ऐलान करिए। आप लोग मिलकर बिहार में जातिवार जनगणना छह माह में कराकर साबित करिए कि हम पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक को हिस्सा देना चाहते हैं, इनकी भागीदारी देना चाहते है। जातिगत जनगणना कराकर जिसकी जिनती संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी देना चाहते हैं।

# RJD के सदस्यों की संख्या एक करोड़ के पार, लालू की पार्टी ने आम सदस्यता में भी बिहार में किया कमाल





**पटना।** विधानसभा में राजद सबसे बड़ा दल है और उसे यह दर्जा अब सामान्य सदस्य संख्या में भी हासिल हो गया है। 2022-25 के लिए चले सदस्यता अभियान के बाद राज्य में राजद के कुल सदस्यों की संख्या एक करोड़ पांच लाख, 97 हजार हो गई है। इनमें 98 लाख, 64 हजार, 203 सदस्य बिहार के हैं। बाकी सदस्य झारखंड सहित अन्य राज्यों के हैं। यह लक्ष्य से सात लाख अधिक है। पार्टी के सहायक राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी चितरंजन गगन ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पार्टी के राष्ट्रीय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी उदय नारायण चौधरी ने सदस्यता सूची को अपनी मंजूरी दी।गगन ने बताया कि इस साल 12 फरवरी 2022 को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने सदस्यता अभियान की शुरूआत की थी।

# नेता प्रतिपक्ष के रूप में तेज तर्रार चेहरा तलाश रही भाजपा



**पटनाः** करीब 21 महीने तक सरकार में रहने के बाद भाजपा अब विपक्ष में है। जिस तरह से अचानक सरकार बदली है, ऐसे में सड़क से सदन तक भाजपा को नेता प्रतिपक्ष के रूप में एक तेज-तर्रार चेहरे की तलाश है। चेहरा भी ऐसा जो नीतीश और तेजस्वी के सामने मुखर होकर अपनी बात रख सके। बिहार भाजपा में इसको लेकर नामों पर मंथन शुरू हो गया है। नए-पुराने चेहरे टटोले जा रहे हैं, मगर प्राथमिकता नए चेहरे को दी जा सकती है। सूत्रों के अनुसार, बिहार भाजपा की ओर से विधानसभा और विधानपरिषद दोनों सदन के लिए तीन-तीन नाम का प्रस्ताव दिया जाएगा। इन नामों पर अंतिम मुहर दिल्ली आलाकमान ही लगाएगा। अभी तक जो नाम विधानमंडल के नेता के रूप में सबसे आगे हैं, उसमें पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव, विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा और संजीव चौरसिया के नाम आगे हैं। इसके अलावा अभी तक डिप्टी सीएम की कुर्सी संभाल रहे तारकिशोर प्रसाद के नाम पर भी विचार किया जा सकता है।

# भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जल्द मिलेगा भाजपा उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष




लखनऊ। देश के निर्वाचित उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने नई दिल्ली गए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वहां पर सरकार तथा प्रदेश संगठन के भी काम में लगे हैं। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश (जेपी) नड्डा से भी मुलाकात की। इनकी मुलाकात के बाद अब माना जा रहा है कि भाजपा उत्तर प्रदेश के नए अध्यक्ष का नाम भी एक-दो दिन में तय हो जाएगा।इस भेंट के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट भी किया। उन्होंने लिखा कि आज भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से नई दिल्ली में आत्मीय भेंट हुई। आपके मार्गदर्शन में डबल इंजन की भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश के जन-जन की खुशहाली के लिए सेवा-भाव के साथ निरंतर कार्य कर रही है। अपना अमूल्य समय प्रदान करने के लिए हार्दिक आभार।भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई को नया अध्यक्ष जल्दी मिल सकता है। प्रदेश अध्यक्ष पद की रेस में केन्द्र सरकार में मंत्री बीएल वर्मा और बस्ती से भाजपा के सांसद हरीश द्विवेदी आगे हैं।

बीएल वर्मा राज्यसभा सदस्य हैं। इनके साथ ही कन्नौज से लोकसभा के सदस्य सुब्रत पाठक भी तथा कौशांबी से लोकसभा के सदस्य विनोद सोनकर का भी नाम भी चर्चा में है। इनके साथ ही विधान परिषद सदस्य विद्या सागर सोनकर ने भी अपना जोर लगाया है।उत्तर प्रदेश भाजपा को धर्मपाल सिंह के रूप में संगठन महामंत्री मिलने के बाद अब जल्दी ही नया प्रदेश अध्यक्ष मिलेगा। धर्मपाल सिंह की नियुक्ति को प्रदेश में भाजपा के राज्य में संगठन में बदलाव की शुरूआत माना जा रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ की आज जेपी नड्डा से भेंट के बाद पार्टी आलाकमान में नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर चर्चा तेज हो गई है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद में नेता सदन को बदला है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य अब विधान परिषद में नेता सदन होंगे। इससे पहले भाजपा ने मई में ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तथा जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को विधान परिषद में नेता सदन बनाया था। बुधवार को स्वतंत्र देव सिंह ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उनकी जगह पर केशव प्रसाद मौर्या को विधान परिषद में नेता सदन बनाया गया है। उत्तर प्रदेश विधान मंडल का मानसून सत्र भी जल्दी ही शुरू होने वाला है, इसको देखते हुए यह बदलाव काफी अहम माना जा रहा है।

## कविता

# कहै कबीर दीवाना-ओशो




आदमी ने देखा हो, जिसके जीवन से मिलने की सुवास उठ रही हो, जिसके भीतर तुम्हें अहसास होने लगे कि गुसाई का आना हो गया; जिसके पदचापों में तुम्हें किसी तरह उस अज्ञात परमात्मा की धुन सुनाई पड़े जिसके पदचिन्हों में उसके ही पदचिन्ह हों, परमात्मा के भी पदचिन्ह मालूम पड़ने लगे। इसलिए तो हमने बुद्धों के पैर बचा के रखे हैं, क्योंकि वे सिर्फ गौतम सिद्धार्थ नाम के आदमी के पदचिन्ह नहीं है। अन्यथा कौन फिकर करता है? कितने लोग इस पृथ्वी पर चलते हैं और जाते हैं। उन पैरों में, जो लोग निकट थे, उन्होंने किसी और पैर को भी देखा है। उस बुद्ध की मूर्ति की मूर्ति में सिर्फ शुद्धोधन के बेटे गौतम सिद्धार्थ की प्रतिमा को हमने निर्मित नहीं किया है; उस प्रतिमा में कुछ अप्रतिम है जो किसी प्रतिमा में बांधा नहीं जा सकता; कोई मूर्ति जिसे सम्हाल नहीं सकती, वह अमूर्त झलका है। उस बूंद में हमने सागर को देखा है। **जारी...**

# बैली फैट घटाने के लिए रोज पिएं ये 5 ड्रिंक्स, जल्दी दिखने लगेगा असर

पेट के ऊपरी और बीच वाले भाग में जमा फैट को बैली फैट कहा जाता है। आजकल अधिकतर लोग बैली फैट से परेशान हैं। इस फैट को घटाना काफी मुश्किल होता है। वजन कम करने के लिए हम डाइटिंग का सहारा लेते हैं, इससे वजन तो कम हो जाता है लेकिन कई बार बैली फैट कम नहीं हो पाता है। ऐसे में आप चाहें तो कुछ ड्रिंक्स का सेवन कर सकते हैं, जो बैली फैट बर्न करने में असरदार साबित हो सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो वेट लॉस करते हैं। साथ ही बैली फैट भी बर्न करते हैं।



इसके अलावा शरीर की इम्यूनिटी बूस्ट होती है और भूख कंट्रोल होती है।रोजाना जीरे का पानी पीने से वजन कम हो सकता है। इस पानी को सुबह और शाम कभी भी लिया जा सकता है। जीरे का पानी डायबिटीज मरीज भी आसानी से पी सकते हैं। इस पानी को पीने से ब्लड शुगर लेवल भी कंट्रोल में रहता है। साथ ही इम्यूनिटी बढ़ाता है और मेटाबॉलिज्म को तेज करता है।इससे भूख जल्दी से नहीं लगती है। प्रेगनेंट महिलाओं को जीरे का पानी नहीं पीना चाहिए।बेली फैट को कम करने के लिए दालचीनी और शहद का पानी भी असरदार हो सकता है। इसके लिए एक गिलास पानी में एक चौथाई चम्मच दालचीनी और आधा चम्मच शहद डालें। इन दोनों को अच्छी तरह से मिला लें और सुबह खाली पेट पी लें। इससे बैली फैट तेजी से कम होने लगेगा। वजन कम करने और बैली फैट बर्न करने के लिए ग्रीन टी का भी सेवन किया जा सकता है। ग्रीन टी मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने के साथ वजन को कम करने में मददगार होता है। ग्रीन टी को बनाने के लिए एक कप गर्म पानी लें। उसमें एक ग्रीन टी का पाउच डाल दें। ग्रीन टी को कुछ देर गर्म पानी में रहने दें। तैयार ग्रीन टी का सेवन दिन में 1-2 बार किया जा सकता है। नियमित ग्रीन टी पीने से बैली फैट आसानी से कम हो सकता है।सौंफ का पानी वजन कम करने के साथ ही बैली फैट को भी आसानी से कम कर सकता है।


इसे बनाने के लिए सौंफ को रातभर पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इसे उबालें फिर छानकर पी लें। इस पानी को पीने से पेट की कई समस्याओं में आराम मिलता है।

# हिना खान ने कराया बोल्ड फोटोशूट, तस्वीरें देख फैंस हुए दीवाने!

नई दिल्लीः हिना खान ने इंस्टाग्राम पर अपनी हालिया बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की है इसमें उन्हें ऑरेंज कलर की स्लीवलैस थाई हाई वन पीस ड्रेस पहनकर बोल्ड पोज देते हुए देखा जा सकता है इसके अलावा उन्होंने मरून कलर की हाई हील्स भी पहन रखी है उन्होंने इयररिंग्स भी पहन रखी है उनके बाल खुले हुए हैं उन्होंने मेकअप कर रखा है और वह हॉट पोज देती हुई नजर आ रही है हिना खान का फोटो में स्लिम और टोंड फिगर भी नजर आ रहा है

हिना खान ने कुल 8 तस्वीरें शेयर की है पहली तस्वीर में वह दोनों हाथों से अपने चेहरे को पकड़े नजर आ रही है। वहीं पर क्रॉस लेग करके खड़ी है और इसमें उनका स्लिम और टोंड फिगर भी नजर आ रहा है

इसकी बात की फोटो क्लोजअप है। इसमें उनकी जुल्फें उनके चेहरे पर आ रही है तीसरी फोटो में वह झुककर खड़ी है इसमें वो काफी खूबसूरत लग रही है। चौथी फोटो में वह थोड़ी ज्यादा झुकी हुई है पांचवी फोटो में वह अलग अंदाज में पोज दे रही हैं हिना खान की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है हिना खान ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा है, हेलो हिना खान की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। इस पर 1 घंटे में 936 से ज्यादा कमेंट किए गए हैं वहीं इसे 90 हजार से ज्यादा लाइक्स मिले है। कई लोगों ने तस्वीरों पर ब्यूटीफुल, ऑसम पिक्चर, हॉट, लुकिंग ब्यूटीफुल, फुल आफत और ऑसम जैसे कमेंट किए है। हिना खान टेलीविजन एक्ट्रेस है वह कई टीवी शोज में नजर आ चुकी है। इसके अलावा उन्होंने कई रियलिटी शोज में भी भाग लिया है। वह कई फिल्मों में भी नजर आ चुकी है उनकी सोशल मीडिया पर काफी बड़ी फैन फॉलोइंग भी है.



# भारत के खिलाफ जिम्बाब्वे ने की वनडे टीम की घोषणा, इन खिलाड़ियों को मिली जगह




नई दिल्ली। भारत के खिलाफ खेली जाने वाली वनडे सीरीज के लिए गुरुवार को जिम्बाब्वे टीम की घोषणा की गई। बल्लेबाज रेजिस चकाबवा भारत के खिलाफ 18 अगस्त से शुरू होने वाली तीन वनडे मैचों की सीरीज में जिम्बाब्वे की 17 सदस्यीय टीम की कप्तानी दी गई है। गौरतलब है कि भारतीय टीम में भी एक बदलाव किया गया है। टीम की कप्तानी अब शिखर धवन की जगह पर केएल राहुल को देने का फैसला लिया गया है। भारत और जिम्बाब्वे के बीच खेली जाने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए गुरुवार को चयनकताओं ने 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की। जिंबाब्वे क्रिकेट के अनुसार, ह्यनियमित कप्तान क्रेग इर्विन की अनुपस्थिति में चकाबवा टीम की अगुआई करेंगे। इर्विन चोटिल होने के कारण इस सीरीज में नहीं खेल पाएंगे।ह्व टीमों के बीच तीनों मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाएंगे। पहला मैच 18 अगस्त को खेला जाना है जबकि दूसरा मुकाबला एक दिन के अंदर पर 20 तारीख को खेला जाएगा। इसके ठीक एक दिन के अंतर के बाद आखिरी यानी तीसरा वनडे 22 अगस्त को खेला जाएगा। यह सभी मुकाबले भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 12.35 मिनट पर शुरू होंगे। रयान बर्ल, रेजिस चकाबवा (कप्तान), तनाका चिवांगा, ब्रैडली इवांस, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट काया, ताकुदज्वानाशे कैटानो, क्लाइव मदांडे, वेस्ली मधेवेरे, तदीवानाशे मारुमनी, जान मसारा, टोनी मुन्योंगा, रिचर्ड नगारवा, विक्टर न्याची, सिकंदर रजा, मिल्टन शुंबा, डोनाल्ड तिरिपानो। केएल राहुल (कप्तान), शिखर धवन (उप-कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, इशान किशन, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मो. सिराज, दीपक चाहर।

## ऑस्ट्रेलिया टीम ने श्रीलंका को दान की अपनी प्राइज मनी, लोग कर रहे हैं तारीफ



नई दिल्लीः ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने हाल ही में श्रीलंका टीम का दौरा उस वक्त किया था जब देश की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं चल रही थी। यही कारण है कि ऑस्ट्रेलिया ने उस दौरे पर प्राइज के तौर पर कमाई गई धनराशि को श्रीलंका में खराब आर्थिक संकट से प्रभावित बच्चों और परिवारों का समर्थन करने के उद्देश्य से दान करेंगे। पैट कमिंस के नेतृत्व में टीम संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (वठक्रएत्र) को 45,000 डॉलर का दान देगी जो श्रीलंका के उत्थान में मदद पहुंचाएगा।ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटरों ने इस साल जून-जुलाई में श्रीलंका का दौरा किया था और उन्होंने अपनी आंखों से वहां की स्थिति को महसूस किया था। पूरे दौरे के दौरान पेट्रोल स्टेशनों पर लंबी लाइनें, गाले इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड के आसपास हजारों शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की नारेबाजी आम थी। राजधानी कोलंबो में इसी तरह के प्रदर्शनों ने देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को इस्तीफा देने पर मजबूर कर दिया था।श्रीलंका की आर्थिक हालात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस दौरान वहां खाद्य कीमतों में 80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और दो-तिहाई से अधिक परिवारों ने भोजन की खपत कम कर दी है। स्कूल को सप्ताह में तीन दिन सीमित कर दिया गया क्योंकि ईंधन की कमी से यात्रा बाधित होती है। दवाओं, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लंबी कतारें आम हो गई हैं और पीने के साफ पानी की कमी है।ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों द्वारा दी गई धनराशि यूनिसेफ के कार्यक्रमों को जाएगी जो देश में 1.7 मिलियन कमजोर बच्चों के लिए पोषण, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षित पेयजल, शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की देखरेख करते हैं।

## T20 विश्व कप में भारत को चोट पहुंचाने वाला पाकिस्तानी गेंदबाज चोटिल, कप्तान बाबर ने जताई वापसी की उम्मीद




**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप में मुकाबला होने से पहले ही माहौल अच्छा बन चुका है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने बताया कि भारतीय टीम के खिलाफ उतरने से पहले उनके स्टार गेंदबाज शाहीन अफरीदी मैदान पर वापसी कर लेंगे। बाबर ने उम्मीद जताई है कि वह नीदरलैंड्स के खिलाफ मैच खेल सकते हैं नहीं तो एशिया कप में तो जरूर उतरेंगे। बाबर ने कहा, ह्नशाहीन के फिटनेस को लेकर कुछ चिंता जरूर है। हम उनको अपने साथ लेकर चल रहे हैं क्योंकि डॉक्टर और फीजियो टीम के साथ यात्रा कर रहे हैं और उनका अच्छे से ख्याल रखा जा सके। हम दूरगामी सोच के हिसाब से देखकर चल रहे हैं। हमें अभी एशिया कप में खेलना है और फिर टी20 विश्व कप भी आ रहा है।ह्व ह्नहम इस बात को पक्का करने की कोशिश कर रहे हैं कि वह जितनी जल्दी से जल्दी ठीक होकर तैयार हो जाएं। हम उम्मीद करके चल रहे हैं कि वह कम से कम नीदरलैंड्स के साथ एक मुकाबला तो खेल लें।

## न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज रॉस टेलर का चौंकाने वाला खुलासा, नस्लवाद का हुए थे शिकार

वेलिंगटन। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंटिस क्रिकेट में नस्लवाद के सख्त खिलाफ है। यह बात भी सच है कि नस्लीय टिप्पणी क्रिकेट में कोई नहीं बात नहीं है और इसके लेकर कई कड़े कदम भी उठाए गए हैं। फिर भी इसके बारे में सुनने को मिल ही जाता है। इस बार जिस देश की टीम के लिए यह सुनने को मिला है वो हैरान करने वाला है। न्यूजीलैंड को क्रिकेट जगत में सबसे ज्यादा शालीन टीम माना जाता है और इनके क्रिकेटरों की बेहद अदब के साथ देखा जाता है। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर ने अपने देश की क्रिकेट संस्कृति में नस्लवाद पर बात की है। टेलर ने इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था और अपनी आटोबायोग्राफी में रॉस टेलर ब्लैक एंड व्हाइट में नस्ली टिप्पणी को लेकर बात कही। नहीं हैं। वह जन्म से एक मल्टी-ऐथनिक (बहुजातीय) खिलाड़ी हैं। टेलर ने आगे ड्रेसिंग रूम में नस्लवादी मजाक का उदाहरण दिया जिसमें वह हिस्सा था। उन्होंने इस बारे में बताया कि कैसे एक विशेष टीम के साथी ने उन्हें एक बिंदु समझाने की कोशिश करते हुए जातीयता को बीच में लाया।

# महाराष्ट्र में फिर बढ़ रहे कोरोना के मामले, राज्य में 1,877 नए मामले



**मुंबईः** देश के विभिन्न राज्यों में एक बार फिर से कोरना संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी होने लगी है। महाराष्ट्र में गुरुवार को कोरोना संक्रमण के 1,877 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़कर 80,66,243 हो गई है। इस दौरान राज्य में संक्रमण से पांच और लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद संक्रमण से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 1,48,162 हो गया। स्वास्थ्य विभाग ने यह जानकारी दी है इन जिलों में हुई मरीजों की मौतें विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान मुंबई में कोरोना संक्रमण के 683 नए मामले सामने आए, जबकि सांस की बीमारी के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। विभाग द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया है कि मुंबई के अलावा जालना, सोलापुर, पुणे और ठाणे जिले में संक्रमण से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मालूम हो कि, स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के मुताबिक, राज्य में बुधवार को संक्रमण के 1,847 मामले सामने आए थे।

राज्य में कोरोना संक्रमण से ठीक होने का दर 98.02 प्रतिशत है, जबकि मृत्यु दर 1.83 प्रतिशत है। मंत्रालय ने बताया है कि पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना संक्रमण के 1,971 मरीज ठीक हुए हैं, जिसके बाद संक्रमण से स्वस्थ होने वाले मरीजों की कुल संख्या बढ़कर 79,06,291 हो गई है। राज्य में कुल सक्रिय मामलों की संख्या 11,790 है स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि राज्य में इस दौरान कोरोना संक्रमण के 33,591 नए जांच किए गए, जिसके बाद राज्य में कोरोना के कुल जांच किए गए सैंपलों की संख्या बढ़कर 8,35,50,468 हो गई है। देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी के बाद सरकार लोगों को मास्क पहनने, भीड़-भाड़ वाले स्थान पर लोगों को नहीं जाने और लगातार हाथ को सैनिटाइज करने की सलाह दी है।

URGENTLY REQUIRED FEMALE STAFF

VACANCY VACANCY

ICON OPTICAL GALLERY



Urgently Required Female Staff Accountant Cum Sales Girl For Counter Sell.

Note : Must Have Computer Operating Knowledge

Contact Us : 9819292152

Shop No. 52, R.N.A. Arcade, Lokhandwala Complex, Andheri (West), Mumbai - 400 053

murtaza12152@yahoo.com



TASNEEM COLLECTION

Online Shopping Hub

Only of Ladies Bags, Kurtis, Accessories

Kitchen & Household items

Baby products



Plastic items

And much more......all under one roof

Best business apportunity for housewives
to become reseller & earn at zero investment

Farida Rampurawala :
8898065152

RH 1, C 26 row house number, Swamy Ayyappam temple road, Sector. 8, New Mumbai, Vashi-400 703

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास, गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व), मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प), मुंबई -400053 प्रकाशित। संपादकः मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997

T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेलः newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net